सहयोग की 86वीं कार्यशाला आयोजित

बैंक अधिकारियों ने जाने साइबर सुरक्षा के गुर

इंदौर। पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीटीआरएस) द्वारा 'सहयोग' अभियान की 86 वीं कार्यशाला का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक, सर्कल कार्यालय, इंदौर में संपन्न किया गया । इस कार्यशाला में बैंक के 56 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। पीटीआरएस आईजी वरुण कपूर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल हेड एसके दास, एजीएम जीएस शर्मा व चीफमैनेजर वीबी खोड़ तथा विभिन्न सर्कल से आए प्रतिभागी उपस्थित थे। इस सत्र में कपूर द्वारा साइबर स्पेस में हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुए, उनके सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया। बैंकिंग-एटीएम फ्राड व अन्य प्रलोभन देकर जो आधुनिक अपराध घटित हो रहे है, उनसे बचने के उपाय भी बताए गए। इसके अतिरिक्त सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग व पासवर्ड सुरक्षित रखने, साइबर स्टॉकिंग, बुलिंग आदि के बारे में भी सदस्यों को अवगत कराया गया । बैंक अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी आईजी ने दिए। बैंक अधिकारियों ने कार्यशाला को लाभकारी बताते हुए कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

कपूर ने बताया कि प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे इस अभियान को स्कूल, कॉलेजों, संस्थाओं में काफी सराहा जा रहा है। यह कार्यक्रम अब काफई लोकप्रिय हो गया है। विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों, बैंक, बीमा, कार्पोरेट, स्कूल, कॉलेज आदि क्षेत्र के 15 हजार से ज्यादा लोगों को अब तक जागरुक किया जा चुका है ।